

### ये खिलाड़ी भी हैं रेस

सीमित ओवरों की क्रिकेट में उपकप्तान की रेस में केएल राहुल सबसे आगे हैं, लेकिन उनको विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत से टक्कर मिल रही है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह भी सीमित ओवरों की उपकप्तानी हासिल करने वालों के दावेदारों में शुमार हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट के इतिहास में बहुत कम गेंदबाजों को उपकप्तानी या कप्तानी मिली है। ऐसे में श्रेयस अय्यर का दावा भी उपकप्तान के लिए मजबूत लग रहा है, जो अब तीनों फार्मेट में रन बना रहे हैं।

## क्या खत्म हो रहा है कोहली युग, बीसीसीआई ने यूं कतर दिए पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट्ट ने विराट कोहली की वनडे कप्तानी जाने पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के रोहित शर्मा को नया कप्तान बनाने के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने सही फैसला किया है। लिमिटेड ओवरों का कप्तान कोई एक ही होना चाहिए। बता दें कि बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान किया, साथ थी रोहित को वनडे कप्तान बनाए जाने की घोषणा भी की। बट्ट ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, कोहली को वनडे टीम की कप्तानी से हटाए जाने के फैसले पर मुझे हैरानी नहीं हुई। अगर रोहित शर्मा सिर्फ टी–20 टीम के कप्तान होते तो यह सही नहीं होता। लिमिटेड ओवरों का कप्तान कोई एक ही होना चाहिए। बोर्ड के इस फैसले से विराट पर से दबाव भी कम होगा। वैसे भी भारतीय टीम अधिक टी–20 नहीं खेलती है तो रोहित को वनडे की जिम्मेदारी मिलनी ही थी। सिलेक्शन कमिटी ने एक और बड़ा फैसला किया। उसने खराब प्रदर्शन की वजह से आलोनाओं का सामना कर रहे अजिंक्य रहाणे को टेस्ट टीम की उपकप्तानी से हटा दिया है।

# बेन स्टोक्स ने किए 14 नो बॉल, पकड़ में आए सिर्फ 2...

क्रिकेट

## अंपायर ने एक भी नहीं दिए... एशेज सीरीज में नया बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिस्बेन। इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में पहली बार गेंदबाजी करने आए। इस दौरान उन्होंने लगातार 4 गेंदें नो–बॉल कीं, जबकि ओवरऑल 14 बार ऐसा हुआ। हैरान करने वाली बात यह है कि इतना महत्वपूर्ण सीरीज के दौरान घटी इस घटना में से सिर्फ दो मौकों पर ही अंपायर पकड़ने में कामयाब रहे। बेन स्टोक्स की पांव की नोबॉल के कारण इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का कीमती विकेट नहीं मिल पाया लेकिन इससे एशेज श्रृंखला में 'टेक्नोलोजी' से जुड़ी समस्या भी उजागर हो गई।

स्टोक्स ने मार्च के बाद जब अपना पहला ओवर किया तो उसके तुरंत बाद ही वॉर्नर को यह जीवनदान मिला जो तब 17 रन पर खेल रहे थे। इससे यह भी पता चला कि स्टोक्स ने अपनी पिछली तीन गेंदों पर भी क्रीज से आगे पांव रखा था, लेकिन अंपायर ने उसे नो–बॉल नहीं दिया था। बाद में ऑस्ट्रेलिया के एशेज प्रसारक चौनल 7 ने खुलासा किया कि स्टोक्स ने मैच के दूसरे दिन गुरुवार को 14 बार अपना पांव क्रीज से आगे रखा था लेकिन केवल दो बार ही नो–बॉल दी गई।



वॉर्नर को भी पहले आउट दे दिया गया था लेकिन रीप्ले से नोबॉल का पता लगने के बाद अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। इससे मैच अधिकारियों को लेकर बड़ी समस्या भी उजागर हो गयी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि गाबा में टेक्नोलोजी से जुड़ी समस्या का मतलब है कि तीसरे अंपायर पॉल विल्सन यह पता करने के लिए कि गेंदबाज ने क्रीज से आगे पांव रखा है, प्रत्येक गेंद के रीप्ले की समीक्षा नहीं कर सकते। इसका मतलब है कि मैदानी अंपायरों को ही इस पर फैसला करना होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने मैच की कॉमेंट्री के दौरान इस तरह की खराब अंपायरिंग की आलोचना की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस व्यवस्था को लागू किया जिसमें तीसरे अंपायर को नोबॉल की जांच करने की अनुमति दी गयी। पिछले साल नियमों में बदलाव से पहले मैदानी अंपायर ही क्रीज से आगे पांव रखने पर गेंदबाज को सूचित करके नोबॉल देते थे।

**पूर्व बॉलर ट्रेंट कोपलैंड भड़के, बोले- बड़ी चूकः** चौनल 7 पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ट्रेंट कोपलैंड ने स्टोक्स की पहले की नो–बॉल नहीं देने की आलोचना की। उन्होंने कहा, श्यदि आप नहीं जानते कि यह हो रहा है तो आप पूरी तरह से विफल हैं। अगर विकेट गिरने पर नहीं जांचा जाता तो इसका पता भी नहीं चलता। इसका सीधा मतलब है कि तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।

## डेविड वॉर्नर के बाद ट्रैविस हेड ने इंग्लैंड का हौसला किया पस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिस्बेन। डेविड वॉर्नर केवल छह रन से शतक से चूक गए लेकिन ट्रैविस हेड ने नाबाद शतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 343 रन बनाकर 196 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। वॉर्नर ने तीन जीवनदान का फायदा उठाते हुए 94 रन की पारी खेली। उन्होंने मार्नस लाबुशेन (74) के साथ दूसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का मध्यक्रम लड़खड़ा गया लेकिन हेड ने 95 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 112 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की बड़ी बढ़त



सुनिश्चित की।


इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 147 रन पर आउट हो गयी थी। हेड के शतक के अलावा वॉर्नर को जीवनदान मिलना और बेन स्टोक्स का लगातार क्रीज से आगे पांव रखना गुरुवार को चर्चा के मुख्य विषय रहे। वॉर्नर जब 17 रन पर थे तब स्टोक्स ने उन्हें आउट कर दिया था लेकिन रीप्ले से पता चला कि गेंदबाज ने नोबॉल की है और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। इससे यह भी पता चला कि स्टोक्स ने अपनी पिछली तीन गेंदों पर भी क्रीज से आगे पांव रखा था लेकिन अंपायर ने उसे नोबॉल नहीं दिया था। बाद में ऑस्ट्रेलिया के एशेज प्रसारक चौनल 7 ने खुलासा किया कि स्टोक्स ने 14 बार अपना पांव क्रीज से आगे रखा था लेकिन केवल दो बार ही नोबॉल दी गयी।

लंच के तुरंत बाद वॉर्नर ने 48 रन के निजी योग पर ओली रॉबिन्सन की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच दिया लेकिन रोरी बर्न्स ने उसे छोड़ दिया। वॉर्नर तब 60 रन पर थे जब हसीब हमीद ने उन्हें रन आउट करने का आसान मौका गंवाया। लाबुशेन का भाग्य ने ऐसा साथ नहीं दिया। उन्होंने 116 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए और गेंदबाजों पर दबदबा बनाया।

## धौनी ने मुझे करियर बनाने में मदद कीः ब्रावो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने कहा कि एमएस धौनी ने व्यक्तिगत रूप से उनके करियर में बड़ी भूमिका निभाई है। ब्रावो ने ये भी कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी सीएसके में दोनों की शानदार विरासत है। एएनआइ के साथ बातचीत में ब्रावो ने धोनी की प्रशंसा और आइपीएल फ्रेंचाइजी सीएसके की विरासत के अलावा कई मुद्दों को लेकर बात की। चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके ने रवींद्र जडेजा, एमएस धौनी, रितुराज गायकवाड़ और मोइन अली को आइपीएल 2022 से पहले रिटेन किया है। ऐसे में ड्वेन ब्रावो टीम से रिलीज किए गए हैं, लेकिन ब्रावो ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वे अपना नाम मेगा आक्शन के लिए भेजेंगे। ब्रावो ने कहा, ष्मुझे सीएसके ने रिटेन नहीं किया है, लेकिन मैं नीलामी में रहूंगा, नीलामी में मेरा 100 प्रतिशत होगा। मुझे नहीं पता कि मैं किस टीम के साथ जाऊंगा। मैं वहीं अपना करियर खत्म करूंग, जहां मेरी किस्मत में है। मुझे नहीं पता कि मुझे सीएसके द्वारा चुना जाएगा या नहीं, मुझे किसी अन्य टीम द्वारा उठाया जा सकता है, क्योंकि मैं नीलामी में हूं।

## न्यूज डायरी



### पिंक बाल से खेला जाएगा एशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हाकले ने एक बड़ा ऐलान एशेज सीरीज को लेकर किया है। निक हाकले ने कहा है कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच पांचवां एशेज टेस्ट पिंक बाल से खेला जाएगा। इस तरह इस एशेज सीरीज में दो मैच डे–नाइट टेस्ट होंगे। इस तरह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार होगा, जब एक टेस्ट सीरीज के दो मुकाबले पिंक बाल से खेले जाएंगे। सीरीज का दूसरा टेस्ट भी डे–नाइट टेस्ट है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हाकले की टिप्पणी तब आई जब कोविड –19 महामारी संबंधी प्रतिबंधों के कारण पांचवें एशेज टेस्ट को पर्थ से बाहर कर दिया गया। पर्थ में होने वाले टेस्ट मैच को कैंसिल गया। ऐसे में इस मैच का आयोजन मेलबर्न, कैनबरा और सिडनी में आयोजित कराने की योजना बनाई गई। जल्द ही इस बात का फैसला भी हो जाएगा कि आखिरी टेस्ट मैच किस मैदान पर खेला जाएगा। हालांकि, तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा।

### टीम इंडिया के आलराउंडर रवींद्र जडेजा का टेस्ट करियर खतरे में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय आलराउंडर रवींद्र जडेजा चोटिल होने की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। उनके घुटने की चोट काफी बड़ी है और इसके लिए वह और बीसीसीआइ डाक्टरों से सलाह ले रहे हैं। अगर उनके घुटने की सर्जरी होती है तो वह चार से छह महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। इसी कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका जाने वाली टेस्ट टीम में नहीं रखा गया है।

जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज का हिस्सा थे लेकिन चोट के कारण वह मुंबई में हुए दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह जयंत यादव को मौका दिया गया था।

बीसीसीआइ के एक पदाधिकारी ने कहा कि जडेजा की चोट गंभीर है। जडेजा के साथ खेलने वाले एक क्रिकेटर दोस्त ने कहा कि हाल में ही हमारी चर्चा हुई थी और वह वनडे, टी–20 व आइपीएल करियर लंबा रखने के लिए टेस्ट छोड़ सकते हैं।

### पाकिस्तान की धमाकेदार जीत से टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबल में जीत हासिल कर अपनी स्थिति टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में मजबूत की थी। पाकिस्तान की टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने के साथ ही भारत को पछाड़ दिया है। इस वक्त आइसीसी टेस्ट चौंपियनशिप टेबल पर एशिया की टीमों का दबदबा है। श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत की टीमों ने पहले तीन स्थान पर कब्जा जमाया है। ढाका टेस्ट में पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ पारी और 8 रन की शानदार जीत दर्ज की। बारिश से प्रभावित मैच में पाक टीम ने पहली पारी महज 300 रन पर घोषित की थी। इसके बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान ने बांग्लादेश के पहली पारी में महज 87 रन पर ढेर कर फालोआन दिया और फिर दूसरी पारी में 205 रन पर आलआउट कर मैच अपने नाम कर लिया।

### वीरेंद्र सहवाग ने वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक ठोका था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दस साल पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। सहवाग ने इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रन की तूफानी पारी खेली थी। 41 वर्षीय ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 के स्कोर को दर्ज करने के लिए 41 चौके और सात छक्के लगाए थे।

बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की इस पारी ने भारत को निर्धारित पचास ओवरों में 418ध्5 का स्कोर बनाने में सक्षम बनाया था। 419 रन के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 266 रन पर ढेर हो गई थी।